प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
25.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

"मुख्य समाचार"

- केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए हिमाचल के प्रयासों को सराहा।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य के सभी सांसदों के साथ नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन से की भेंट–प्रदेश को उदार वित्तीय मदद का किया आग्रह।
- राज्य सरकार ने स्पष्ट किया–जॉब ट्रेनी योजना के तहत चयनित कर्मी दो वर्ष बाद होंगे नियमित–दोबारा नहीं होगी परीक्षा।
- तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने केंद्र से की प्रदेश में ड्रोन आधारित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस खोलने की मांग।

सहकारिता

केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए हिमाचल की सराहना की है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि नई दिल्ली में हाल ही में आयोजित मंथन बैठक में हिमाचल चर्चा का केंद्र बना रहा। इस बैठक में देश के विभिन्न राज्यों के सहकारिता मंत्रियों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती उत्पादों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य है।

जयराम

पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन से भेंट कर आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्निर्माण और पुनर्वास के लिए उदार वित्तीय मदद देने का आग्रह किया। इस मौके पर राज्य के सभी सांसद व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और आपदा प्रभावित क्षेत्रों के विधायक भी शामिल रहे। जयराम ठाकुर ने वित्त मंत्री को प्रदेश में आपदा से हुए नुकसान से अवगत करवाया। निर्मला सीतारमन ने हिमाचल की हर संभव मदद करने का भरोसा दिया है।

इससे पहले कल जयराम ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और प्रदेश के सभी सांसदों के साथ केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी और जल संसाधन मंत्री सी.आर. पाटिल से भी मुलाकात कर राज्य को आर्थिक मदद देने का आग्रह किया था।

जॉब ट्रेनी योजना

राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि जॉब ट्रेनी योजना के तहत चयनित कर्मियों को दो वर्ष के बाद नियमित किया जाएगा और दोबारा से उनकी कोई परीक्षा नहीं ली जाएगी। शिमला में आज एक संयुक्त पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान, उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया और विधायक सुरेश कुमार ने राज्य सरकार द्वारा पिछले अढ़ाई वर्ष के कार्यकाल में लिए गए निर्णयों की जानकारी दी। सुरेश कुमार ने कहा कि जॉब ट्रेनी योजना को लेकर फैलाई जा रही भ्रांतियां निराधार है।

सिकंदर कुमार

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि केंद्र सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं के कारण क्षतिग्रस्त अवसंरचना के पुनर्निर्माण के लिए हिमाचल को वर्ष 2024–25 में दो सौ 20 करोड़ 10 लाख रुपये की राशि जारी की है। सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा आज राज्यसभा में इस संबंध में पूछे गए सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार ने जलवायु संबंधी समस्याओं को जमीनी स्तर पर एकीकृत करने के लिए कई कार्यक्रम व योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र ने हिमाचल सहित चार राज्यों में एक सौ 50 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ राष्ट्रीय हिमनद झील विस्फोट बाढ़ जोखिम उपशमन परियोजना के संचालन को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री ने डॉक्टर सिकंदर कुमार को

बताया कि हिमाचल प्रदेश ने जलवायु परिवर्तन संबंधी राज्य कार्य योजना 2021–30 को एक रोडमैप के रूप में अपनाया है।

केंद्रीय टीम

प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए प्रदेश के दौरे पर आए केंद्रीय दल ने आज मंडी ज़िले के थुनाग में प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। केंद्रीय दल ने राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के साथ भी चर्चा की। उन्होंने केंद्रीय दल को भारी वर्षा से हुए नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि आपदा से प्रदेश में जानमाल को भारी क्षति पहुंची है। ये दल कल धर्मपुर का दौरा कर दिल्ली वापस लौटकर अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपेगा।

कारगिल विजय दिवस

कल कारगिल विजय दिवस है। इस उपलक्ष्य में सेना प्रशिक्षण कमान ने आज शिमला में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लैफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इसमें सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थियों ने भी शिरकत की। इस मौके पर कारगिल युद्ध में भारतीय सेना के पराक्रम को चित्रों और वीडियो के माध्यम से दर्शाया गया। देश भक्ति पर आधारित गीतों ने सभी को राष्ट्रवाद की भावना से प्रेरित किया।

राजेश धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने केंद्र से प्रदेश में ड्रोन आधारित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने का आग्रह किया है। उन्होंने आज नई दिल्ली में केंद्रीय कौशल विकास व उद्यमशीलता राज्य मंत्री जयंत चौधरी से भेंट की और कहा कि हिमाचल में ड्रोन तकनीक के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। राजेश धर्माणी ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के स्तरोन्नयन, नए पाठ्यक्रमों और गुणवत्तापूर्ण उद्यमिता के लिए केंद्र की 60 करोड़ रुपये की योजना में राज्य सरकारों की एक तिहाई धनराशि के आवंटन के नियम में हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों को छूट प्रदान करने का आग्रह भी किया। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने सामुदायिक विकास पॉलिटैक्निक योजना के तहत जल्द धनराशि जारी करने और इस वित्त वर्ष के दौरान नए संस्थानों को चयनित करने की मांग भी की।

हर्षवर्धन चौहान

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल में प्रदेश के उद्योगों में 25 हजार करोड़ रुपये का निवेश हुआ है जिसके माध्यम से 32 हजार युवाओं को रोजगार के अवसर मिले हैं। उन्होंने आज कांगड़ा ज़िले के नगरोटा कॉलेज में आज पूर्व मंत्री जी.एस. बाली की जयंती के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय रोजगार मेले का शुभारम्भ किया। हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि राज्य सरकार उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास को प्रोत्साहित कर रही है। रोजगार मेले के पहले दिन आज 9 सौ से अधिक युवाओं ने अपना पंजीकरण करवाया जिनमें से 3 सौ 10 युवाओं को शॉर्टलिस्ट किया गया।

श्रावण अष्टमी

प्रदेश के शक्तिपीठों में आज से श्रावण अष्टमी नवरात्र मेले शुरू हो गए हैं। इसके लिए मंदिरों में विशेष प्रबंध किए गए हैं। ऊना ज़िले में प्रसिद्ध शक्तिपीठ चिंतपूर्णी माता मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। इस मौके पर लोगों ने मां के समक्ष शीष नवाया और सुख समृद्धि की कामना की। देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर ने भी मंदिर में मां के दर्शन किए। मंदिर के पुजारी संदीप कालिया ने बताया कि पहली अगस्त को दुर्गा अष्टमी मनाई जाएगी।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में आज दोपहर बाद मॉनसून की वर्षा हुई। मौसम विभाग ने कल 26 से 31 जुलाई तक प्रदेश के कई जिलों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे सहयोगी–

डिस्पैच– प्रदेश में मॉनसून की वर्षा से कई स्थानों पर जनजीवन अभी भी सामान्य नहीं हो पाया है। राज्य में भूस्खलन से एक राष्ट्रीय उच्च मार्ग सहित 2 सौ 22 सड़कें यातायात के लिए बंद है। इसी प्रकार 36 बिजली ट्रांसफार्मर और एक सौ 52 पेयजल योजनाएं बाधित हैं। राज्य में वर्षा से जुड़ी घटनाओं में अब तक एक सौ 53 लोगों की मौत हुई है जबकि 34 लोग लापता हैं। भारी वर्षा से एक हजार दो सौ 91 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। मौसम विभाग ने कल से 31 जुलाई तक एक बार फिर प्रदेश के अनेक भागों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए हिमाचल के प्रयासों को सराहा।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य के सभी सांसदों के साथ नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन से की भेंट–प्रदेश को उदार वित्तीय मदद का किया आग्रह।
- राज्य सरकार ने स्पष्ट किया–जॉब ट्रेनी योजना के तहत चयनित कर्मी दो वर्ष बाद होंगे नियमित–दोबारा नहीं होगी परीक्षा।
- तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने केंद्र से की प्रदेश में ड्रोन आधारित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस खोलने की मांग।